भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2356

उत्तर देने की तारीख 3 अगस्त, 2026

सोमवार, 12 श्रावण, 1948 (शक)

तमिलनाडु में पीएमकेवीवाई 4.0 का कार्यान्वयन

2356. श्री नवसकनी के.:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तमिलनाडु में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 4.0 के कार्यान्वयन को सुदृढ़ किया है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान जिला-वार आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत रामनाथपुरम जिले में उद्योग के अनुकूल पाठ्यक्रमों, आधुनिक प्रशिक्षण अवसंरचना, डिजिटल लर्निंग, उद्यमिता विकास तथा महिलाओं और ग्रामीण युवाओं की बेहतर पहुंच के माध्यम से कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए क्या पहलें की गई हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार स्थानीय आर्थिक क्षमता के आधार पर मत्स्यपालन, संभारतंत्र, पर्यटन, अक्षय ऊर्जा और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित अतिरिक्त रोजगार-उन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करके रामनाथपुरम में पीएमकेवीवाई 4.0 का विस्तार करने का है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान रामनाथपुरम में पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित, प्रमाणित, रोजगार में लगे या स्व-रोजगार के लिए सहायता प्राप्त उम्मीदवारों का ब्यौरा क्या है और जिले में कौशल विकास को और मजबूत करने के लिए भविष्य की रूपरेखा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) पीएमकेवीवाई 4.0 एक मांग-आधारित योजना है जिसमें परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, कौशल अंतराल को ध्यान में रखकर प्रशिक्षण लक्ष्यों को अनुमोदित किया जाता है। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत दिनांक 30.06.2026 तक तमिलनाडु में 134,648 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 99,847 उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। पीएमकेवीवाई 4.0 एक मांग आधारित योजना है और निधि आवंटन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रवार कोई प्रावधान नहीं है। तथापि, तमिलनाडु में पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत जिलेवार निधि उपयोग का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग) पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के माध्यम से प्रशिक्षण को मानकीकृत किया गया है, जिससे पाठ्यक्रम उद्योग की आवश्यकताओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप हो गए हैं। इस योजना के अंतर्गत, उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं और बाजार की मांग के अनुसार, प्रशिक्षण को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), सेमीकंडक्टर, ड्रोन प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा, 3डी प्रिंटिंग आदि जैसी नई और भविष्योन्मुखी जॉब रोल्स की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है। उभरती प्रौद्योगिकी मांगों को पूरा करने के लिए, 600 से अधिक नए और भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

यह स्कीम रामनाथपुरम जिले सहित देश भर में कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें महिलाओं, ग्रामीण युवाओं, दिव्यांगजनों और वंचित क्षेत्रों के उम्मीदवारों की समावेशी भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। अधिक पहुंच और भागीदारी का समर्थन करने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सामान्य मानदंडों के विशेष प्रावधानों के अंतर्गत, जहां कहीं भी लागू हो, वाहन भत्ता सहायक उपकरण, और आवास तथा भोजन सहायता जैसे प्रावधान प्रदान किए जाते हैं। प्रशिक्षण केंद्रों को महिला उम्मीदवारों को जुटाने और पहुंच बढ़ाने तथा नामांकन में वृद्धि करने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) स्थानीय निकायों और उद्योग भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पीएमकेवीवाई 4.0 डिजिटल और मिश्रित शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण, उभरते और भविष्य के लिए तैयार कौशल, उद्यमिता, स्व-रोजगार और सतत आजीविका के अवसरों पर अधिक जोर देता है।

(घ) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, स्कीम के पहले तीन संस्करणों - पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 - में अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन पर नजर रखी गयी थी, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2015-16 से वित्तीय वर्ष 2021-22 तक लागू किया गया था। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उनके विभिन्न करियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल पाठ्यक्रमों के माध्यम से ऑन-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) द्वारा इसके लिए उपयुक्त रूप से तैयार किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान रामनाथपुरम जिले में पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत प्रशिक्षित और प्रमाणित उम्मीदवारों का विवरण इस प्रकार है:

(दिनांक 30.06.2026 तक की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवार**	**प्रमाणित उम्मीदवार**
1.	वित्तीय वर्ष 2023-24	-	-
2.	वित्तीय वर्ष 2024-25	1043	470
3.	वित्तीय वर्ष 2025-26	75	243
	कुल	1118	713

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रमाणन में पहले की अवधियों में प्रशिक्षित उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं, जो मूल्यांकन और प्रमाणन समय-सीमा पर निर्भर करता है।

इसके अलावा, कौशलीकरण, शिक्षा और रोजगार के परिदृश्य को एकीकृत करने और लाभार्थियों को रोजगार के अवसरों सहित आजीवन सेवाएं प्रदान करने के लिए एक एकीकृत मंच स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) विकसित किया गया है। जिला स्तर पर कौशल विकास की मांग और कौशल अंतराल को समझने के लिए जिला कौशल विकास योजनाओं (डीएसडीपी) को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है। यह स्कीम स्थानीय कौशल समूहों की पहचान करने और मत्स्य पालन, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में उद्योग और उभरते आर्थिक अवसरों के साथ समन्वय को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र-विशिष्ट क्षमताओं वाले स्थायी और उच्च गुणवत्ता वाले कौशल संस्थानों का एक सुदृढ़ इको सिस्टम बनाने के लिए उत्कृष्टता केंद्रों-कौशल (सीओई-स्किल्स) के पैनल में शामिल होने के लिए दिशानिर्देश विकसित किए गए हैं।

अनुबंध-I

दिनांक 03.08.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2356 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत जिलेवार निधि उपयोग

(राशि करोड़ में)

क्र.सं.	ज़िला	वित्तीय वर्ष 2023-24 (रुपए)	वित्तीय वर्ष 2024-25 (रुपए)	वित्तीय वर्ष 2025-26 (रुपए)	कुल (रुपए)
1	अरियालुर	0.74	0.73	0	1.46
2	चेंगलपट्टू	0.14	0.58	0.45	1.16
3	चेन्नई	2.73	0.7	0.66	4.09
4	कोयंबटूर	2.98	3.22	0.46	6.65
5	कुड्डालोर	1.49	3.37	0	4.86
6	धर्मपुरी	0.3	2.35	0.02	2.67
7	डिंडीगुल	0.27	3.22	0.04	3.53
8	इरोड	1.35	2.72	0.08	4.14
9	कल्लाकुरिची	0.04	0.46	0	0.5
10	कांचीपुरम	2.02	1.81	0	3.83
11	कन्याकुमारी	0.58	1.73	0.01	2.31
12	करूर	0.62	2.08	0	2.7
13	कृष्णागिरी	0.78	1.03	0	1.81
14	मदुरै	1.04	2.46	0.05	3.56
15	नागपट्टिनम	1.47	3.04	0.01	4.52
16	नमक्कल	1.96	3.5	0.76	6.22
17	पेराम्बालुर	1.29	0.94	0	2.23
18	पुदुक्कोट्टई	0.29	0.85	0	1.14
19	**रामनाथपुरम**	**0.13**	**0.68**	**0**	**0.81**
20	रानीपेट	0.13	0.12	0	0.25
21	सलेम	0.45	1.6	0.07	2.13
22	शिवगंगा	0.3	0.91	0	1.21
23	तेनकासी	0.11	0.36	0	0.47
24	तंजावुर	1.32	2.36	0.8	4.48
25	नीलगिरि	1.57	1.56	0.4	3.53
26	तेनी	0.45	0.81	0	1.26
27	तिरुवल्लुर	2.17	3.74	0	5.92
28	तिरुवारूर	1.33	1.37	0	2.69
29	तिरुचिरापल्ली	1.98	3.94	0.25	6.16
30	तिरुनेलवेली	1.07	1.45	0.01	2.53
31	तिरुपथुर	0.12	0.04	0.39	0.55
32	तिरुपूर	0.18	0.46	0.05	0.7
33	तिरुवन्नमलाई	1.55	3.26	0	4.81
34	तूतीकोरिन	0.21	0.72	0.11	1.04
35	वेल्लोर	1.08	2.9	0.31	4.3
36	विल्लुपुरम	1.31	0.85	0.02	2.18
37	विरुधुनगर	0.58	1.19	0	1.77

*****